an>

Title: Need to set up a procurement centre of FCI at Farrukhabad in Uttar Pradesh.

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद) ः मैं सरकार का ध्यान मध्य उत्तर प्रदेश के फर्रूखाबाद लोक सभा क्षेत्र की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। कृषि उत्पादों से भरपूर इस क्षेत्र पर एफ.सी.आई. समर्थित खरीद सेंटर की नितांत आवश्यकता है। इसके अभाव में जो किसान अपने माल को मंडी तक लेकर जाते हैं बिचौलियों में फंसकर औने-पौने दामों पर अपनी फसल को बेचने पर मजबूर होते हैं। इससे उन्हें फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है और यदि किसान अपने उत्पाद को देश की अन्य मंडियों में ले जाता है तो स्थानीय मंडी के अधिकारीगण उसका शोषण करते हैं, जाने नहीं देते हैं, ट्रैक्टर खड़ा रखते हैं जिससे कृषि उत्पाद कभी-कभी खराब भी हो जाता है।

मेरा सरकार से निवेदन है कि फर्रूखाबाद में एफ.सी.आई. समर्थित कृषि उत्पाद खरीद केंद्र की शीघ्र स्थापना करें जिससे किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सके।